Avinashilingam Institute for Home Science and Higher Education for Women
(Deemed to be University) Coimbatore-641 043
Bachelor's Degree Examination- November 2018
SEMESTER-I

Class: I UG | Time: 3 hours

Major: Functional Hindi | Max. Marks: 100

18BFHCO3 Ancient Poetry

Part – A (10 x 1 = 10)

सही उत्तर को गोलाकृत कीजिए।

1. सूफी साहित्य का सर्वाधिक मान्य सिद्धांत क्या है?
   अ. प्रेम आ. घृणा इ. निंदा ई. अहिंसा
2. कृष्ण काव्य की भाषा क्या है?
   अ. अवधी आ. सधुक्कडी इ. व्रज ई. पाली
3. कबीर की रचनाएँ कितने भागों में विभक्त है?
   अ. 2 आ. 3 इ. 4 ई. 5
4. रसिक प्रिया किसकी रचना है?
   अ. घनानंद आ. रामानंद इ. रामदास ई. केशवदास
5. तुलसीदास के माता का नाम क्या है?
   अ. तुलसी आ. हुलसी इ. अलसी ई. प्रेयसी
6. अष्टछाप के सिरमौर कौन है?
   अ. नंददास आ. कृष्णदास इ. कुंभनदास ई. सूरदास
7. बिहारीलाल किसके दरबार में रहा करते थे?
   अ. अकबर आ. बाबर इ. राजा जयसिंह ई. लहनासिंह
8. 'चित्रावली' किसकी रचना है?
   अ. उसमान आ. कुतुंबन इ. मंझन ई. जायसी0
9. रहीम किसके दरबारी कवि थे?
   अ. जहाँगीर आ. हुमायूँ इ. अकबर ई. बाबर
10. मीराबाई किसकी पुत्री थी?
    अ. कृष्णसिंह आ. रामसिंह इ. केशवसिंह ई. लक्ष्मणसिंह

Part – B (5 x 6 = 30)

व्याख्या कीजिए। उत्तर ४०० शब्दों से अधिक न हो।

11अ. माली आवत देखि के, कलियॉं करत पुकार।
फूली–फूली चुन लई, कल्हि हमारी बार।

(या)

11आ. अति अगाधू अति औथरौ नदी कूप सरवाइ।
सो ताकौ सागरु जहाँ, जाकी प्यास बुझाइ।।

12अ. पग घुँघरु बाँध मीरा नाची रे।
मीरा के प्रभु ..... सहज मिल्लो अविनासी रे।

(या)

12आ. प्रिय बिनु नागिनि कारी रात।
सूर स्याम बिनु ..... मुरि–मुरि लहरै खान।।

13अ. जसोदा हरि पालनै झुलावै
जो सुख सूर अमर ..... नंद भामिनि पावै।

(या)

13आ. माँगी नाव न केवट आना।
मानुष करनि मूरि कुछ अहई।।

14अ. बसो मेरे नैनन में नन्दलाल।
मीरा प्रभु सन्तन सुखदाई, भक्त बछल गोपाल।।

(या)

14आ. केसन कहा बिगारिया, जो मूँदौ सौ बार।
म्न को काहे न मुडिये, जामें विषय विकार।।

15अ. मेरी भव–बाधा हरौ, राधा नागरि सोइ।
जा तन की झाई परे, स्याम हरित–दुति–होई।।

(या)

15आ. सुनि केवट के बैन, प्रेम लपेटे अटपटे।
बिहँसे करुना ऐन, चितइ जानकी लखन तन।।

Part – C (5 x 12 = 60)

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। उत्तर ८०० शब्दों से अधिक न हो।

16अ. भक्तिकाल की आरम्भिक परिस्थितियों का सिंहावलोकन करते हुए भक्ति प्रधान साहित्य की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए।

(या)

16आ. रीतिकाल की सामान्य परिस्थितियों तथा उनकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

17अ. अपने पाठयक्रम के आधार पर कबीरदास के काव्य सौष्ठव का वर्णन कीजिए।

(या)

17आ. अपने पाठयक्रम के आधार पर केवट प्रसंग का सार लिखिए।

18अ. मीराबाई के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से लिखिए।

(या)

18आ. सूरदास के भ्रमर–गीत पदों का सार लिखिए।

19अ. रीतिकाल के प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए।

(या)

19आ. मलिक मुहम्मद जायसी और उनके पद्मावत पर एक लेख लिखिए।

20अ. राम भक्ति शाखा की विशेषताओं का उल्लेख करते हुए उसके प्रमुख कवियों का परिचय दीजिए।

(या)

20आ. अष्टछाप क्या है? उसके कवियों का संक्षेप में परिचय दीजिए।

———————